पत्रिका

# दिल्ली और गुजरात से नामी कम्पनियों की नकली शराब बनाने सामान की करते थे सप्लाई, गिरफ्तार

## शराब निर्माण सामग्री सप्लाय करता था अंतरराज्यीय गिरोह

**रतलाम**

Published: October 08, 2021 07:30:42 pm

रतलाम. अवैध शराब फैक्टरियों पर पुलिस की कार्रवाई जारी है अब पुलिस ने सोहनगढ़ शराब फैक्ट्री के मामले में अंतरराज्यीय गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने दिल्ली और गुजरात से गिरफ्तार कर लिया है। एसपी गौरव तिवारी ने बताया कि तीनों ही आरोपी शराब के अवैध निर्माण के लिए सामग्री सप्लाय करने का काम करते थे।



गिरोह शराब की बोतल के ढक्कन बनाने की मशीन, ढक्कन सहित कई अन्य सामग्री देश के कई राज्यों के शराब कारोबारियों को करता था। रतलाम पुलिस ने सोहनगढ़ शराब फैक्ट्री पर शिंकजा कसा था तब पता चला कि ये लोग शराब बनाने की सामग्री दिल्ली और गुजरात से लाते हैं।

पुलिस अधीक्षक तिवारी ने बताया अवैध शराब फैक्टरी के अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम राजस्थान, नई दिल्ली और गुजरात भेजी थी। पुलिस ने दिल्ली से सुमित माखरिया को गिरफ्तार किया। आरोपी सुमित ने पूछताछ पर बताया की उसकी एल्युमिनियम की फैक्ट्री नांगलोई दिल्ली में है। शराब डिस्लरी से कांट्रेक्ट मिलने पर पर्चेसिंग लैटर मिलने पर ढक्कन बनाकर देता था।

सुमित ने बताया कि मध्यप्रदेश के एक व्यक्ति ने सुमित एवं उसके साथी से नकली शराब बनाने में उपयोग के लिए के ढक्कन, स्टीकर इत्यादि बनाकर उपलब्ध करवाने के लिए संपर्क किया था। सुमित एवं इसके फरार साथी ने बिना परचेस आर्डर के कई राज्यों उत्तरप्रदेश, पंजाब, महाराष्ट्र, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, गोवा में ढक्कन लेबल एवं बारकोड (hologram) की सप्लाई की है। पुलिस की दूसरी टीम ने गुजरात से मेसाना गुजरात से आरोपी पंकज बाबरिया को गिरफ्तार किया है। पंकज ने भी नकली ढक्कन एवं अन्य सामग्री उपलब्ध करवाने के लिये फैक्ट्री शुरू की थी। दोनों आरोपी कच्चा प्लास्टिक के माल तथा डाई से नामी गिरामी कम्पनियों की बोतल के ढक्कन बनाते थे।




Source: https://www.patrika.com/ratlam-news/illegal-liquor-goods-makers-arrested-from-delhi-and-gujarat-7111292/